आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–15 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के एनेक्सी भवन में जन–प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर प्रोजेक्ट के लिये एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए और उससे प्रोजेक्ट की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली जाए। साथ ही हर प्रोजेक्ट की वरिष्ठ अधिकारी पाक्षिक समीक्षा जरूर करें। श्री योगी ने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिये जमीनों का अधिग्रहण किया गया है वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लायी जाए और जल्द से जल्द मुवावजे का वितरण सुनिश्चित किया जाए। बरसात के मौसम के करीब होन की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाये यह सुनिश्चित करना होगा। बाढ़ बचाओं से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वह जनप्रतिनिधियों के साथ बांधों का दौरा करें और उनका मजबूत होना सुनिश्चित करें। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए श्री योगी ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहनी चाहिए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में बब्बर शेर और शेरनी को उनके बाड़े में प्रवेश कराया। इन दोनों दुर्लभ वन्य जीवों को पिछले माह इटावा लायन सफारी से लाया गया है।

****

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसके तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 में स्नैचिंग के संबंध में कई दंडों का प्रावधान किया गया है। धारा तीन सौ चार में स्नैचिंग को एक अलग अपराध के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमें तीन साल तक की कैद और जुर्माना निर्धारित है। अदालत मामले की गंभीरता, अपराधी के पिछले रिकॉर्ड और अन्य कारकों के आधार पर अवधि और जुर्माने की राशि निर्धारित करती है। अगर यह किसी समूह या गिरोह द्वारा किया जाता है, तो यह छोटे संगठित अपराध के अन्तर्गत भी आता है। स्नैचिंग में धमकियों या शारीरिक नुकसान की अनुपस्थिति के कारण आईपीसी के तहत स्नैचिंग में आमतौर पर डकैती की तुलना में कम सजा होती है। भारतीय न्याय संहिता में चोरी में सहमति के बिना चल सम्पत्ति लेना शामिल है, लेकिन जरूरी नहीं कि बल प्रयोग किया जाये। इसके अलावा छीनाझपटी होने पर पीड़ित अक्सर संपत्ति के नुकसान के अलावा शारीरिक और भावनात्मक आघात भी झेलते हैं। इस बात को कानून में स्थान दिया गया है। साथ ही जिन मोबाइल फोन में संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा, वित्तीय जानकारी और पासवर्ड होते हैं, उन्हें अलग से छीनने के कृत्य को अपराध बनाकर संरक्षित किया गया है।

****

कुवैत के मंगाफ शहर में बीते बुधवार की सुबह एक बहुमंजिली इमारत में लगी आग में झुलस कर मरने वाले प्रदेश के तीन नागरिकों के शव को मुख्यमंत्री के निर्देश पर विदेश मंत्रालय के प्रयास से उनके निवास स्थान पर पहुंचा दिया गया है। मरने वालों में गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके के भम्मौर गांव के निवासी जयराम गुप्ता, गोरखनाथ इलाके के जटेपुर उत्तरी निवासी अंगद गुप्ता और वाराणसी के रहने वाले प्रवीण मावध सिंह शामिल हैं।

****

साहित्य अकादमी ने इस वर्ष के साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार की आज घोषणा की। साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार के लिए 24 लेखकों और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए 23 लेखकों का चयन किया गया है। अकादमी ने बताया कि सभी चयनित लेखकों को 50 हजार रुपये और एक ताम्र पट्टिका प्रदान की जायेगी।

****

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज से प्रदेश के कई जिलों में योग सप्ताह की शुरूआत हुयी। इस अवसर पर कई स्थानों पर योग शिविर लगाकर योगाभ्यास कराया गया और संगोष्ठियों के जरिये जीवन में योग के महत्व की जानकारी दी गयी। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आज से सात दिवसीय योग शिविर और शैक्षिक कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। यह कार्यशाला योग दिवस यानी इक्कीस जून को सम्पन्न होगी। गौतमबुद्धनगर और मिर्जापुर में भी सात दिवसीय योग शिविर के शुरू होने की खबर है।

****

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज से दो दिन के लिये लू का रेड अलर्ट जारी किया है। बीते चौबीस घंटों में कई जनपदों में अधिकतम तापमान चौवालीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। प्रदेश के सभी मंडलों में तापमान औसत से तीन से छह डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी जिलों में दो दिन बाद गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा होने और तापमान में गिरावट दर्ज किये जाने का पूर्वानुमान है।

****

प्रदेश में लगातार जारी भीषण गर्मी और लू को देखते हुए शासन की तरफ से परिषदीय स्कूलों की गर्मी की छुट्टियां चौबीस जून तक के लिए बढ़ा दी गयी हैं। साथ ही बच्चों के लिए स्कूलों को अट्ठाईस जून तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। अवकाश बढ़ाये जाने के संबंध में बेसिक शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने आदेश जारी कर दिये हैं।

****